सुविचार
उम्र भर साथ निभाने के लिए सिर्फ एक वजह ही काफी होती है..!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-2 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 16 फरवरी 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## कोई पागल व्यक्ति हमला कर दे, तब बचाव के निजी प्रतिरक्षा का अधिकार प्राप्त होगा या नहीं जानिए/IPC...।

वैसे तो भारतीय दण्ड संहिता एवं नए कानून भारतीय न्याय संहिता में बताया है कि किसी नाबालिग बालक द्वारा या किसी पागल द्वारा या कोई नशेड़ी द्वारा कोई अपराध हो जाता है तब ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया कोई कार्य अपराध नहीं होगा। लेकिन इन पर अंकुश लगाना भी जरूरी है अगर कोई पागल व्यक्ति, शिशु (नाबालिग)या नशे की हालत में व्यक्ति हमला कर दे तब व्यक्ति स्वयं के बचाव के लिए निजी प्रतिरक्षा का अधिकार ले सकता है जानिए-



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 98 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 36 की परिभाषा:** अगर कोई विकृतचित(पागल) व्यक्ति या कोई नाबालिग बालक या नशे की हालत में व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति पर हमला कर दे तब उस उस व्यक्ति को अपनी रक्षा के लिए प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार प्राप्त होगा , अर्थात कोई व्यक्ति ऐसा तर्ज नहीं दे सकता है कि हमला करने वाला व्यक्ति पागल था या बालक था या नशे की हालत में था क्योंकि स्वंय के जीवन की रक्षा करना व्यक्ति का निजी प्रतिरक्षा का अधिकार होता है।

**इसे हम उधारानुसार समझते है-** कोई पागल व्यक्ति किसी व्यक्ति पर हमला करके उसका पर्स लेकर भाग रहा हैं तब उस व्यक्ति को अपनी प्रतिरक्षा में यह अधिकार होगा कि वह उस पागल व्यक्ति को पकड़ कर उससे अपनी पर्स वापस छीन ले। यहां पर पागल व्यक्ति की ओर से यह तर्क उठाना व्यर्थ होगा कि पागलपन के कारण उसके कार्य में समझ का अभाव था। अर्थात व्यक्ति जैसे पागल व्यक्ति से अपनी रक्षा करना निजी सुरक्षा का अधिकार होगा।

# शासन-संचालन में आमजन का योगदान और सम्मान दोनों आवश्यकः मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान मल्लिकार्जुन के दर्शन किए



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है किशासन- संचालन में आमजन का योगदान और उनका सम्मान आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट तेजी से विकास कर रहा है। भारत की शान भी विश्व में बढ़ी है। वसुधैव कुटुम्बकम का भाव भारतीय संस्कृति की विशेषता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज कोमुरवेल्ली रेलवे स्टेशन के शिलान्यास समारोह में विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री किशन रेड्डी, जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोमुरवेल्ली प्रवास के दौरान यहां के प्रमुख आस्था केंद्र मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में दर्शन किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भगवान मल्लिकार्जुन के द्वार पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के अतिथियों और स्थानीय जन को भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रेल सुविधाओं के विकास से सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। भारत के रेलवे का इतिहास करीब पौने दो सौ वर्ष पुराना है। आज न सिर्फ निर्धन वर्ग बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए रेल साधन उपयोगी हैं। मेट्रो के साथ ही वन्देभारत ट्रेनें और अन्य विशेष रेलगाड़ियां उपयोगिता बढ़ा चुकी हैं। बढ़ती रेल सुविधाओं से व्यवसाय और रोजगार के क्षेत्र में लाभ मिल रहा है। आज प्रारंभ रेल सुविधा का यह प्रकल्प क्रियान्वित होने पर स्थानीय निवासियों के लिए लाभकारी होगा।

## कुटुंब परिवार की कृषि भूमि बेचना कब शून्य हो सकता है जानिए/transfer rights

कृषि भूमि को बेचने के बाद विक्रेता को क्रेता के नाम से भूमि का नामांतरण कर अति-आवश्यक होता है इसके बिना भूमि की खरीदी कानूनी तौर पर शून्य के समान मानी जाती है क्योंकि जब तक खाते में भूमि स्वामी का नाम नहीं जुड़ता तब तक विक्रेता ही उसका विधिक स्वामी माना जाता है इसलिए भूमि का नामांतरण करवाना अति-आवश्यक माना गया है,आज के लेख के हम पुनः एक अपवाद के बारे में जानकारी देते हैं जिनका जिस भूमि का नामांतरण नहीं किया जा सकता है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 165 की उपधारा 05 की परिभाषा?

जहाँ भूमि स्वामी की भूमि किसी न्यायालय की किसी डिक्री, आदेश के निष्पादन में, किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं बेची जाएगी जो ऐसे विक्रय के फलस्वरूप उतनी भूमि का हकदार हो जाएगा जो स्वयं उसके द्वारा, उसके परिवार द्वारा धारित भूमि यदि कोई हो तो। कुलमिलाकर साधारण शब्दों में कहें तो अगर किसी विधिक प्रतिनिधि अर्थात पुत्र, पुत्री, पत्नी को मिलने वालीं भूमि को मामा या चाचा बेच देता है तो येसा नामांतरण मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता की धारा 165 की उपधारा 05 के अनुसार अवैध या शून्य हो जाएगी।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें : मुख्य सचिव श्रीमती राणा

### •मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर दिए सख्त निर्देश

भोपाल। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर प्रदेश के समस्त संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टरों के साथ समीक्षा बैठक की। श्रीमती राणा ने भारत सरकार एवं राज्य सर्विलांस प्लान अनुसार खाद्य पदार्थों की नियमित रूप से जांच करने और उसके आधार पर मिलावटी क्षेत्रों का चिन्हांकन कर प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। श्रीमती राणा ने कहा कि जिला स्तर पर खाद्य सुरक्षा, नापतौल, दुग्ध संघ एवं पुलिस आदि विभागों से सम्मिलित विशेष निगरानी दलों का गठन कर खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता की निगरानी की जाए। जिलों में स्थित दुग्ध केंद्र, चिलिंग प्लांट एवं कलेक्शन सेंटर पर चलित प्रयोगशालाओं के माध्यम से दूध तथा दूध से बने हुये विभिन्न खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता की निगरानी के लिए इनके सेम्पल की नियमित जांच करायें। उन्होंने जिलों में जनसंख्या के अनुपात में लायसेंस एवं रजिस्ट्रेशन में वृद्धि करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में खाद्य, गृह एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्यटन मंत्री श्री लोधी ने विभागीय समीक्षा बैठक ली



भोपाल। पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्री श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने मंत्रालय में विभागीय समीक्षा बैठक ली। मंत्री श्री लोधी ने राम वन गमन पथ, विभिन्न लोक जैसे रामराजा लोक, देवी लोक के विकास कार्यों की जानकारी ली। मंत्री श्री लोधी को 20 से 26 फरवरी तक आयोजित खजुराहो महोत्सव तथा विक्रमोत्सव की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने संस्कृति विभाग की योजनाओं की समीक्षा की एवं विभागीय बजट एवं रिक्त पदों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों की पूर्ति के लिये त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत किये जाने एवं विभागान्तर्गत नवाचारों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रदेश की बहुआयामी कला, संस्कृति एवं इतिहास पर आधारित ऑडियो बुक एवं ई-बुक तैयार कर नागरिकों को उपलब्ध कराया जाये।

# लघु वनोपजों के निर्यात के लिये आदिवासी बहुल जिलों को जल्दी मिलेगा जैविक प्र्रमाण-पत्र

**भोपाल।** लघु वनोपजों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये आदिवासी बहुल जिलों को जल्द ही जैविक प्रमाण-पत्र मिलेगा। वन मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने इसके लिये सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिये उन्हें संबल योजना में शामिल किया गया है। तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े जनजातीय परिवारों की आर्थिक सुरक्षा के लिये तेंदूपत्ता संग्रहण दर 3000 रूपये प्रति मानक बोरा से बढ़ा कर 4000 रूपये प्रति मानक बोरा कर दी गई है। वर्ष 2003 में संग्रहण दर 400 रूपये प्रति मानक बोरा थी। इस निर्णय के परिणामस्वरूप संग्राहकों को लगभग 560 करोड़ रूपये का संग्रहण पारिश्रमिक के रूप में वितरित किया गया है। संग्रहण पारिश्रमिक के साथ-साथ



तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त शुद्ध लाभ भी संग्राहकों के साथ बांटा जाता है। यह लाभांश भी बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2003 में जहाँ शुद्ध लाभ का 50 प्रतिशत अंश संग्राहकों को बोनस के रूप में वितरित किया जाता था, अब 75 प्रतिशत भाग बोनस के रूप में संग्राहकों को वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2002-03 में वितरित बोनस की राशि 5.51 करोड़ रूपये थी जबकि वर्ष 2022-23 में वितरित बोनस की राशि 234 करोड़ रूपये है। वर्तमान में लगभग 15 लाख परिवारों के 38 लाख सदस्य लघु वनोपज संग्रहण कार्य से जुड़े हैं। इनमें 50 प्रतिशत से ज्यादा जनजातीय समुदाय के हैं। उनहें बिचौलियों के शोषण से बचाने और उनकी संग्रहित लघु वनोपज का लाभ दिलाने के लिए सहकारिता का त्रिस्तरीय ढांचा बनाया गया है। इसमें प्राथमिक स्तर पर 15.2 लाख संग्रहणकर्ताओं की सदस्यता से बनायी गयी 10 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां है। द्वितीय स्तर पर 51 जिलों में जिला स्तरीय यूनियन तथा शीर्ष स्तर पर म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ कार्यरत है। कोरोना काल में भी तेन्दूपत्ता संग्राहकों को परिश्रमिक 397 करोड़ रूपये एवं 415 करोड़ रूपये भुगतान किया गया। पिछले 10 सालों के 2000 करोड़ रुपये संग्राहकों को (बोनस) प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में दिये जा चुके हैं।

## कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने किया मृगनयनी एम्पोरियम का निरीक्षण

**भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा मध्यप्रदेश संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम एवं मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री दिलीप जायसवाल ने गुरूवार को जीटीबी परिसर स्थित मृगनयनी एम्पोरियम का निरीक्षण किया। मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के एम्पोरियम में खादी एवं हाथकरघा के जरिये निर्मित उत्पादों का विक्रय किया जाता है। एम्पोरियम में रेशम की साड़ी, चंदेरी साड़ी, मेंहदीवाडा की कोसा साड़ी, खादी परिधान, चादरें, कांसे, काष्ठ एवं बांस के खिलौने भी उचित मूल्य पर विक्रय के लिये उपलब्ध है। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। भोपाल हाट, मेलों एवं अन्य प्रमुख स्थानों में भी एम्पोरियम के स्टॉल्स लगायें। खादी, हस्तशिल्प एवं हाथकरघा उत्पादों की विशेष ब्रांडिंग करने के निर्देश दिए। राज्य के बाहर भी खादी, हस्तशिल्प एवं हाथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग एवं विक्रय की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री उत्पादों की जानकारी आम लोगों तक पहुँचने के नये तौर तरीके अपनायें। श्री जायसवाल ने कहा कि निरीक्षण के दौरान मप्र संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के प्रबंध संचालक, हस्तशिल्प एवं हाथकरघा श्री मोहित बुंदस सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।



# क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की घोषणा समेत लगभग 7500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**भोपाल। रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

अपनी एक दिवसीय मध्य प्रदेश प्रवास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने लगभग 7500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि झाबुआ, खरगोन, अलीराजपुर, धार, बड़वानी सहित मध्यप्रदेश के लिए करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण, गांवों की बेहतरी के लिए आदर्श गांव योजना में जारी राशि, बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बड़ी रेल परियोजनाएं, रतलाम और मेघनगर रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और जनजातीय समाज की दो लाख बहन बेटियों के खातों में जारी 1500-1500 रुपए देने जैसे विकास के काम बताते हैं कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार डबल तेजी से काम कर रही है। विकास के इस महाभियान का श्रेय जनता को जाता है। प्रधानमंत्री ने टंट्या मामा के नाम पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की घोषणा की।प्रधानमंत्री





जनजातीय बहुल क्षेत्र झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय बंधुओं से मिले । उन्होने विकास कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री जनजातीय बंधुओं के विशाल कुंभ में अभिवादन स्वीकार करते हुए मंच पर पहुंचे। विशाल जनजातीय महाकुंभ में मध्यप्रदेश सहित गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के लोगों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला सरकार ने लिया। टंट्या मामा के बलिदान को याद कर आज बलिदान दिवस मनाया जाता है और उन्हीं के नाम पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की घोषणा की जा रही है। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व फग्गन सिंह कुलस्ते पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, खजुराहो सांसद, जनजातीय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।प्रधानमंत्रीको वनवासी राम का स्मृति चिन्ह तथा तीर कमान भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। इस अवसर पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा जो सबसे वंचित और सबसे पिछड़ा है, वही हमारी सरकार के लिए सबसे पहली प्राथमिकता है। सबसे पिछड़े जनजातीय समूह के लिए पीएम जनमन योजना आरंभ की है। अब तक विकास की मुख्य धारा से कटे जनजातीय समाज का तेज गति से विकास सुनिश्चित किया गया है। इसका लाभ मध्यप्रदेश के बैगा, भारिया और सहरिया जैसे जनजाति समूह को होने वाला है। जनजातीय जिलों में पीएम जन मन योजना में हजारों करोड़ के कार्य कराए जा रहे हैं।

# सोलहवीं विधानसभा का दूसरा सत्र समाप्त,विधानसभा अध्यक्ष की सदन संचालन शैली, एवं समन्वय नीती की हुई तारीफ़

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधान सभा का द्वितीय सत्र का समापन बुधवार को हो गया। यह सत्र समन्वय और समयबद्धता के साथ संचालित हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं सदस्य के कई वरिष्ठ मंत्रियों-सदस्यगणों ने विधानसभा में चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की सदन संचालन की शैली, नवाचार एवं समन्वय की नीती की प्रशंसा की। इस सत्र में कुल 6 बैठकें हुई, जिसमें विधायी, वित्तीय तथा लोक महत्व के अनेक कार्य सम्पन्न हुए। इस सत्र में सदन ने अन्य वित्तीय कार्यों के अलावा वर्ष 2024-25 के वार्षिक वित्तीय विवरण पर चर्चा कर लेखानुदान पारित किया, वहीं वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक मांगों को स्वीकृति प्रदान की गई।इ इस सत्र में कुल 2303 प्रश्न प्राप्त हुए, जिसमें 1163 तारांकित 1140 अतारांकित प्रश्न थे। ध्यानाकर्षण की कुल 541 सूचनाएं प्राप्त हुई, जिनमें 40 सूचनाएं ग्राहय हुई। शून्यकाल की 176 सूचनाएं एवं 242 याचिकाएं प्राप्त हुई तथा 8 शासकीय विधेयक भी पारित किये गये। माननीय सदस्यों द्वारा राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता प्रस्ताव पर, हरदा शहर के ग्राम बैरागढ़ स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से उत्पन्न स्थिति के संबंध में लाये गये स्थगन प्रस्ताव पर तथा 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।सत्र के समापन अवसर पर अपने वक्तव्य में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश विधान सभा अपने नवाचारों के लिये जानी जाती है और इसी क्रम में मेरे द्वारा अध्यक्ष के स्थायी आदेश में संशोधन किया गया। विधान सभा के



किसी कार्यकाल के सत्रों में सदन की बैठकों हेतु प्राप्त प्रश्नों की वे सूचनाएं, जो स्वीकृत होकर विभागों को उत्तर हेतु भेजी जा चुकी हों, के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तर सभा के विघटन के ठीक पूर्व तक प्राप्त नहीं होने पर, सभा के विघटन पर व्यपगत मानी जाती थीं, अब विधान सभा के विघटन के पूर्व सत्र तक लंबित प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के उत्तर व्यपगत नहीं होंगे। इस संबंध में प्रश्न एवं संदर्भ समिति द्वारा परीक्षण कर अनुशंसा सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार निर्वाचित होकर आए सदस्य अपनी क्षेत्र की समस्याएं प्राथमिकता से उठा सकें, इसके लिए मेरे द्वारा उन्हें सदन में अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया गया तथा महिला सदस्यों के प्रश्नों को प्राथमिकता दी गई। शून्यकाल में जनहित के विषय उठाने के लिए भी अधिक-से-अधिक अवसर प्रदान करने के लिए जहां शून्यकाल की नये सदस्यों की सूचनाएं अधिक ली गई, वहीं शून्यकाल अपराह्न में लिया गया, इससे सदन की बैठक के अंत तक उपस्थिति भी अच्छी रही। वहीं भोजनावकाश स्थगित कर एवं सदन के समय में वृद्धि कर अनेक विषयों पर चर्चाएं पूर्ण कराई गई।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायी सदन डिबेट, डॉयलॉग, डिस्कशन के केन्द्र होते हैं, जहां इनके माध्यम से जनता की आवाज को स्वर दिये जाते हैं। उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाता है और कार्यपालिका का मार्गदर्शन भी किया जाता है। इस दृष्टि से इस सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर 36 एवं वित्तीय कार्यों पर 32 सदस्यों द्वारा की गई चर्चा इस बात का प्रतीक है कि माननीय सदस्य कितने गंभीर और प्रतिबद्ध हैं। यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संसदीय कार्य प्रणाली के लिए शुभ संकेत है। सत्र के सफलता पूर्वक संचालन पर प्रतिपक्ष दल के सदस्यों ने नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से उनके कक्ष में भेंट कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी उपस्थित थे।

# FLN मेले का हुआ आयोजन

- माता समूह की सदस्य रही उपस्थित
- विभिन्न प्रकार के नवाचारों को छात्रों ने करके दिखाया
- शिक्षक ने उपहार भेंटकर किया माताओं का सम्मान



संवाददाता हेमंत शाक्य

सुल्तानपुर। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश अनुसार 9 फरवरी 2024 को शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर में एफ एल एन मेले के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया । जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी ,बच्चों का कोना के आकर्षक टी एल एम सजाए गए थे ।जिनके द्वारा बच्चों ने नवाचार किए । इस अवसर पर माता समूह की एंकर ,लीडर सदस्य उपस्थित रही एवं उन्ही के द्वारा मेले का संचालन किया गया । संस्था की शिक्षिका प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा बच्चों का पंजीयन किया गया ।शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा सभी अभिभावक माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया । एवं छात्रों को एफ एल एन ( गतिविधि कार्ड) वितरित किए गए ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण के कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा दिया गया छात्राओं को पुरस्कार





## निपुण भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षक द्वारा कराये जा रहे है नवाचार

संवाददाता हेमंत शाक्य के संपर्क 62 6330 1848

**सुल्तानपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी मीणा द्वारा 500 रुपये की नकद राशि देकर छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। उपस्थित जनसमुदाय द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रशंसा की गई । नवाचारी शिक्षक सुशील शर्मा का कहना है कि निपुण भारत अभियान के अंतर्गत नये नये नवाचारों के माध्यम से बच्चों को निपुण बनाया जा रहा है ।बच्चों को सीखने के लिए मंच उपलब्ध कराए जा रहे है जिससे बच्चे अपनी प्रतिभा जनसमुदाय को दिखा सके ।एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

# लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन हुए प्रारंभ



संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क 62 6330 1848

मध्यप्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने पर केंद्रीय मंत्री डॉ एल मुरुगन जी, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बंशीलाल गुर्जर जी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बहन माया नारोलिया जी तथा बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आप सभी आजादी के अमृत काल में विकसित भारत के विराट संकल्पों को अवश्य साकार करेंगे। आप सभी के दीर्घकालिक अनुभव, ऊर्जा और क्षमताओं का लाभ देश को मिलेगा। शिवराज सिंह चौहान

# पं. दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद का दर्शन भाजपा की वैचारिक पूंजी



संवाददाता हेमंत शाक्य

संपर्क 6263 301848

माननीय पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने आज भाजपा के पितृपुरुष श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर लालघाटी, भोपाल स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी, भाजपा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा जी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानन्द शर्मा जी, भोपाल महापौर मालती राय जी, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी जी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पूरे मध्यप्रदेश के अतिथि शिक्षकों ने अपने अपने जिला अधिकारी को निवेदन स्वरूप सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता हेमंत शाक्य**

समस्त मध्यप्रदेश में अतिथि शिक्षकों की विकट समस्या ओर पहली समस्या 5से 6माह तक का मानदेय का समय से भुगतान न हो पाना, ओर अतिथि शिक्षकों की दूसरी समस्या ये है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2 सितंबर 2023 अतिथि शिक्षक महापंचायत बुलाई गई जिसमें उन्होंने आश्वाशन देते हुए कहा था कि अतिथि शिक्षकों को एक वर्ष के लिए अनुबंध होगा। दूसरा विभागीय परीक्षा लेकर नियमतीकरण ओर तीसरा 20 अंक की पात्रता होगी। चौथा बिंदु किसी भी नियमित शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अतिथि शिक्षक को हटाया नही जाएगा। पेमेंट वर्ग 3 के लिए 5हजार बड़ा कर 10हजार ओर वर्ग 2के लिए 7हजार से बड़ा कर 14हजार ओर वर्ग 1के लिए 9हजार से बड़ा कर 18हजार की जाएगी, जिसमें से




कोई भी आश्वाशन पूरा नही किया गया है।अतिथि शिक्षकों का कहना हैं कि सेलरी न बड़ा कर केवल नियमित करें। ओर अनुबंध एवं सारे तथ्यों पर ध्यान दें। सरकार इन सारी बातों पर अतिशीघ्र ध्यान केंद्रित कर विचार करें।75हजार अतिथि शिक्षकों को एकजुट करके दीर्घ आन्दोलन की प्रक्रिया बनाई जायेगी।अभी निवेदन हैं अगर अतिथि शिक्षकों के लिए कुछ भी न हुआ तो फिर न चाहते हुए भी बड़े स्तर पर आंदोलन संभव है, क्योंकि सरकार की मनसा अतिथि शिक्षकों के लिए लेश मात्र भी उचित दिखाई नहीं दे रही हैं ऐसा अतिथि शिक्षकों का कहना है।

# संविदा ग्रामीण क्षेत्रों पर पदस्थ उपयंत्रीओ की सेवा समाप्त किया गया

## सीईओ जिला पंचायत ने किया उपयंत्री सुश्री ज्योति राठौर, माडवी त्रिपाठी, और हीरामणि सिंह को निलंबित।

**रोहित तिवारी**

शहडोल। मुख्यालय में पदस्थ ग्रामीण उपयंत्रीयों को काम में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने तीन उपयंत्री जनपद पंचायत सोहागपुर सुश्री ज्योति राठौर, माडवी त्रिपाठी और हीरामणि सिंह को कार्या में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अन्तर्गत जिले में निवासरत पात्र बैगा परिवारों को स्वीकृत किये गये आवासों में निर्धारित अवधि में निर्माण पूर्ण कराने हेतु संबंधित उपयंत्रीयों को आवास का ले-आउट देकर कार्य प्रारम्भ करवाने के निर्देश दिये गये थें। सुश्री ज्योति राठौर उपयंत्री जनपद पंचायत सोहागपुर के सेक्टर में 1024 आवास स्वीकृत किये गये है, स्वीकृत आवासों में दिनांक 31.01.2024 की स्थिति में केवल 295 आवासों में ही ले-आउट दिया जाना पाया गया। सेक्टर में यह प्रगति अत्यन्त कम होने की स्थिति में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाकर जवाब चाहा गया। सुश्री राठौर द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद ना होने की स्थिति में सुश्री ज्योति राठौर को निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा शहडोल नियत किया जाता है। सुश्री राठौर को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।।

# अज्ञात कारणों से छात्रा ने आवासीय परिसर में फांसी लगाकर जान गंवाई, जयसिंहनगर क्षेत्र पर नहीं रुक रहा है छात्राओं पर अत्याचार।

- **छात्रावास में कक्षा 9 की छात्रा ने आवासीय परिसर में फांसी लगाई।**
- **शासन से अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्था पांडे शिक्षा समिति का मामला।**
- **महा घोटाला भ्रष्टाचार का बहुचर्चित मामला पांडे शिक्षण समिति के संचालक और संबंधित विभाग के अधिकारी**

**रोहित तिवारी**

शहडोल। मुख्यालय अंतर्गत जिला में संचालित बहू चर्चित शिक्षण संस्था का मामला अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्था पांडे शिक्षा समिति इसके संचालक के द्वारा अधिकारियों के साथ-साठ- गांठ कर करोड़ों रुपए शासन के हड़प लिए, इस महा भ्रष्टाचार जिसमें शामिल पूर्व प्रभारी सहायक आयुक्त एम एस अंसारी के साथ साथ जिला कोषालय अधिकारी की भी मिलीभगत संदेह के घेरे में और संबंधित विभाग कार्यालय में पदस्थ 20 वर्षों से जमे कुछ बाबू जिसमें भूषण सिंह का अहम कार्यों का किरदार रहता है, संस्था में पदस्थ कार्यरत कर्मचारियों के पांचवें वेतनमान एरियर राशि का भुगतान अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्था पांडे शिक्षा समिति के संचालक शिवप्रसाद पांडे के मैनेजमेंट और अधिकारियों की मिलीभगत से कार्यरत कर्मचारियों के खाते में छोड़ स्वयं संस्था के खातों पर राशि आहरण करवाई और अपने नजदीकी रिश्तेदारों को बांट दी राशि जबकि यह राशि 20 वर्षों से संस्था में कार्यरत पदस्थ कर्मचारियों के थे। ऐसा ही एक मामला सीएम राइज विद्यालय में पदस्थ एक शासकीय कर्मचारी शिक्षक रामलाल पांडे के द्वारा छात्रा से अनैतिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला गया इस मामले को अभी कुछ दिन हुए



थे की जयसिंहनगर में संचालित शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ शिक्षक के द्वारा छात्रा को मैसेज के द्वारा अपनी प्रेम लीला की कहानी सुनाई यह दोनों मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था की अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्था पांडे शिक्षा समिति कन्या आवासीय परिसर में नवमी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली क्या है मामला कौन है इन सबके जिम्मेदार।

स्थानीय निवासियों का कहना है की शासन के द्वारा अगर जांच किया जाए तो निश्चित दोषी व्यक्तियों को सजा मिलेगा।

स्थानीय विशेष सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्था पांडे शिक्षा समिति के संचालक और संस्था में कार्यरत कर्मचारियों के मनमानी रवैया के वजह से पांडे शिक्षा समिति कन्या आवासीय परिसर में प्रबंधक की अमानवीय राज चल रहा है, जिस कारण कई छात्राएं परेशान होकर परिसर से अपना नाम कटा कर कहीं दूसरे शिक्षण संस्थानों पर अध्यनरत है वहीं कुछ बेबस और लाचार छात्राएं वहीं आवासीय परिसर में अध्यनरत है। जिसमें एक छात्रा ने आज अपने शैक्षणिक संस्था आदिवासी आवासीय कन्या परिसर में कक्षा 9 वी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सवालों के घेरे में पाण्डे शिक्षा समिति, घटना के तुरंत बाद संबंधित विभाग के आला अधिकारी मौके पर मौजूद, घटना लगभग दोपहर 3 बजे के आस पास की बताई गई है। कारण अज्ञात सूत्रों के अनुसार कुछ वर्षों से लगातार कुप्रबंधन की वजह से छात्रा परशान रही। पाण्डे शिक्षा समिति परिसर जयसिंह नगर घटना के तुरंत बाद पहुंचे विभाग के जिला प्रशासन अधिकारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहडोल, शव परीक्षण के बाद होगा खुलासा आखिर किन परिस्थितियों में छात्रा ने लगाया मौत को लगाया गले फांसी का फंदा।

# मां सरस्वती की पूजा आराधना कर, वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का सेंट्रल एकेडमी में हुआ आयोजन



**शहडोल (रोहित तिवारी) ।** विद्यालय के संचालक संजय मिश्रा के दी हुई जानकारी के अनुसार बसंत पंचमी के अवसर पर सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल में वार्षिक उत्सव व सरस्वती पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया है। बसंत पंचमी के शुभ पर्व पर विद्यालय मे माँ सरस्वती जी की जहां पूजन अर्चन किया गया वहीं पूजन के उपरांत विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर अपनी प्रतिभा बिखेरी। बसंत पंचमी के पर्व पर आयोजित सरस्वती पूजन में विद्यालय के संचालक डॉ. संजय मिश्रा, प्राचार्य श्रीमती रीता मिश्रा के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक गण व छात्र-छात्राए पीले परिधान में शामिल होकर विद्या की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओं में विद्यालय परिषर में पूजन पश्चात हवन में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक क नागरिक गण भी शामिल रहे। बसंत पंचमी पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक अपनी प्रस्तुति दी, इस दौरान बच्चों में गजब क उत्साह रहा।

# शहडोलः बड़े पैमाने में लगातार शासन को लाखों का चूना लगा रहा पंचायत सचिव सुग्रीव , उच्च स्तरीय जांच से पहुंचेगा सलाखों के पीछे , मामला सोहागपुर जनपद का

बड़े पैमाने में लगातार शासन को लाखों का चूना लगा रहा पंचायत सचिव सुग्रीव , उच्च स्तरीय जांच से पहुंचेगा सलाखों के पीछे , मामला सोहागपुर जनपद का

**रोहित तिवारी**

शहडोल (रोहित तिवारी) । सोहागपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया पंचायत सचिव सुग्रीव सिंह के भ्रष्टाचार गबन चरम सीमा में पहुँच चुका है। वही जिन्हें भ्रष्टाचार रोकने की जबाबदारी दी गई है वह भी पैसो की चमक के आगे नतमस्तक हो चुके है जिसे देखकर लगता है कि जिम्मेदारों के द्वारा भ्रष्टाचार गबन करने की आजादी दे दी गई है। एक ओर प्रदेश की सरकार चाह रही है कि सब कुछ पारदर्शिता हो जो हो रहा वह ऑनलाईन और पोर्टल के जरिये सब देख सके कि क्या कार्य हुए, कितना कार्य हुआ, बिल किसका लगा, कौन सही या गलत, सब दिखाई पड़े की सही गलत क्या हैं। लेकिन धुंधले बिलों को पोर्टल में लग कर फर्जी बिलों का भुगतान करा रहे है।




### सरकारी पोर्टल पर है गड़बड़ झाला भ्रष्टाचार का बोलः बाला

गौरतलब यह है कि जिन सरकारी पोर्टल को पारदर्शिता के मंशा से बना गया था आज उन्हें सरकारी पोर्टल में खुलके भ्रष्टाचार किया जा रहा है, फर्जी बिल लगा रहे है।ऐसे-ऐसे बिल लग रहे है कि सीमेंट के दुकान से स्टेशनरी खरीदी जा रही है और रेत लोहा खरीदने के बिल पोर्टल में लग रहे और भुगतान हो रहे, आज कोई इन बिलों की रेख-देख नही कि जा रही और इन फर्जी बिलों से बेजा फर्जी भुगतान लिया जा रहा है कुछ बिल ऐसा भी है जो पोर्टल में बिल लगे है वह पढने भी नहीं जा सकते है। धुंधले बिलों के जरिए लाखों रू का फर्जी भुगतान किया जा रहा है।

### अधिकांश पंचायत में है यही हाल जिम्मेदारों का हाल : बेहाल

बता दे कि यही हाल जिले के अधिकांश ग्राम पंचायतों का है। जहाँ पर फर्जी बिल लगाकर भुगतान किया जा रहा जिसकी समय-समय पर शिकायतें होती भी है पर उन शिकायत की फाइल धूल खाती रहती है। सोहागपुर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली पंचायतों में बिलों को पोर्टल पर अपलोड करना आम बात हो गई है। पंचायत सचिव के द्वारा हजारों बिलों को अपलोड कर आम जनता को भ्रमित किया जा रहा है, परंतु जनपद प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। भ्रष्टाचार छिपाने का प्रयास आखिर कब तक किया जाएगा सीमेंट के दुकान से स्टेशनरी खरीदी का फर्जी बिल या खरीदे गए समान के दुगने बिल का भुगतान कराया जा रहा है। पंचायत दर्पण में लगे बिलों देखाकर साफ अनुमान लगा सकता है, सूत्रों की माने तो ग्रामवासी अगर सचिव से पूछते हैं कि किस सामग्री का बिल लगा है तो सचिव जवाब देते है नेट से निकाल लीजिये, जब पंचायत दर्पण पर लोग बाग देखने पहुंचते है तो वहां बिल ही धुंधला मिलता है, कुल मिलाकर भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए यह खेल खेला जाता है।

### उच्च स्तरीय जांच से सचिव पहुंचेगा सलाखों के पीछे

अगर देखा जाए तो सन 2022 23 से लेकर मनरेगा के अंतर्गत जितने भी कार्य पंचायत सचिव सुग्रीव सिंह के द्वारा कराए गए हैं सभी कार्यों में भारी अनिताओं के साथ-साथ शासकीय राशि का भरपूर गवन किया गया जिसकी जांच से शासन को बड़े पैमाने में शासकीय राशि की रिकवरी हो सकती है। आपको बता दें कि सचिव साहब का यही रवैया ग्राम पंचायत मजगामा में भी था । यदि मनरेगा मास्टर रोल की विधिवत जांच उच्च स्तरीय पैमाने से होती है तो निश्चित तौर पर सचिव बहुत जल्दी जेल की सलाखों के पीछे होंगे और उन्हें कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है।

### इनकी प्रतिक्रिया

इस संबंध में जब जनपद सीईओ को कॉल किया गया तो उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

ममता तिवारी (सीईओ) जनपद सोहागपुर जिला शहडोल

## पुट्टी लेकर जा रहा ट्रक पलटा, चालक घायल, दो दिन पहले डॉक्टर की हुई थी मौत

शहडोल। नेशनल हाईवे 43 शहडोल बुढार के बीच बायपास मार्ग पर गुरुवार सुबह एक ट्रक पलट गया। हादसे में चालक को गंभीर चोटें आए हैं। दो दिन पहले कार सवार डॉक्टर की इसी स्थान पर मौत हो गई थी। आधिकारिक रूप से शुरू होने के पहले ही नेशनल हाईवे 43 शहडोल बुढार के बीच बायपास मर्ग खूनी होता जा रहा है। तकनीकी खामियों के कारण यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। दो दिन पहले सड़क पर खड़े ट्रक से टकराने से कार सवार डॉक्टर की इसी स्थान पर मौत हुई थी। अब गुरुवार सुबह एक ट्रक मवेशियों को बचाने के चक्कर में पलट गया। हादसे में चालक राजकुमार तिवारी को गंभीर चोटें आए हैं।

## महाविद्यालय में बसंत पंचमी के कार्यक्रम के साथ प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कार वितरण भी किया गया।



संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़..

उदयपुरा। बसंत पंचमी की पावन बेला पर महाविद्यालय में सरस्वती जयंती का कार्यक्रम आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नू बड़कुड़ द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया एवं उनके द्वारा बसंत पंचमी के पावन दिवस का ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ प्रसिद्ध पुरातत्व स्थलों की चर्चा की गई । इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता महाविद्यालय के ग्रंथपाल श्री सत्येन्द्र कुमार आठिया द्वारा मां सरस्वती के अवतरण एवं बसंत ऋतु के संबंध में जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रम का मंच संचालन श्री ओ.पी. वर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य महोदय द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । महाविद्यालय के इस कार्यक्रम में डॉ. पार्वती व्याग्रे डॉ.श्री श्याम नेमा, श्री श्याम सुन्दर प्रजापति,श्री प्रतीक लोधी, श्री काशीराम चौधरी के साथ-साथ महाविद्यालय का अन्य स्टाफ व छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे ।



## अनुसूचित जाति जनजाति एकता संयुक्त महासंघ की बैठक संत रविदास जी की अरदास एवं शहीद वीर मनीराम जी को नमन कर सम्पन्न


**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। अनुसूचित जाति/जनजाति एकता संयुक्त महासंघ की राज्य स्तरीय बैठक भोपाल जहांगीराबाद जिंसी संत रविदास महाराज के मंदिर में बैठक का महा आयोजन हुआ। जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सैकड़ों बुद्धिजीवियों ने बैठक में सहभागी बने। बैठक की शुरुआत संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज की आरती , अरदास एवं बंदगी रविदासिया धर्म संगठन के धार्मिक प्रचारक संत श्री राधा किशन महाराज जी के द्वारा करवाई गई। जिसमें संगठन के प्रदेश पदाधिकारी एवं सामाजिक लोगों ने गुरु वंदना की तत्पश्चात भारत रत्न बाबा साहेब डां अम्बेडकर जी के छायाचित्र एवं अनुसूचित जाति वर्ग के एकमात्र अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के जी के छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया गया। महा बैठक में सबसे पहले महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश वर्मा जी ने बैठक का एजेंडा बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री माधव सिंह अहिरवार प्रदेश अध्यक्ष रविदासिया धर्म संगठन के द्वारा किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति वर्ग के रिटायर्ड अफसर, बुद्धिजीवी, साहित्यकार, समाजसेवी सहित विभिन्न समाज के संगठनों के प्रदेश प्रतिनिधि ने भाग लिया। जिनको मंच आसीन कराने के बाद सभी का स्वागत किया गया। बैठक में महासंघ को मजबूत करने एवं सामाजिक मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मध्यप्रदेश में सरकार द्वारा अभी तक समाज हितों की योजनाओं को बंद की गई, जिससे बेरोजगारी पैदा बड़े पैमाने पर हो रही है। इस विषय पर सभी बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने बात रखी और आगे सामाजिक कल्याण की योजनाओं के लिए सरकार से चर्चा करने हेतु बैठक में ग्यारह सदस्यों की एक कोर कमेटी का गठन किया गया। जिनके नामों की घोषणा की गई। बैठक में पूर्व डीएसपी श्री अभयराम चौधरी एवं पूर्व टीआई चौधरी श्री अमान सिंह नरवरिया जी ने बैठक में सभी को जानकारी देते हुए बतलाया है कि हमारी समाज में गोंड राजा के दरबार में जीवन भर सुरक्षा करते हुए जब अंग्रेजी सेना के द्वारा महल पर कब्जा करने एवं लुटपाट करने के उद्देश्य से अंग्रेजों की सेना चीचली महल आई। जिनसे हमारी समाज के शूरवीर मनीराम अहिरवार जी ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर अंग्रेजों से युद्ध लड़ा और उन्हें गांव से मार कर खदेड़ दिया था। जिन्हें अंग्रेजों के द्वारा बाद धोके से गिरफ्तार कर अपनी गुप्त जेलखाना ले गये। उन पर अन्याय और जुल्म करके जान ली गई थी। उन्होंने देश व अपने सामाजिक गुलामी के खिलाफ अंग्रेजों से लड़े। वह महान क्रांतिकारी थे और आजादी के आंदोलन में योगदान देकर सम्पूर्ण समाज व देश को गौरवान्वित किया। लेकिन अभी तक की सभी सरकारों ने उन्हें शहीद का दर्जा न दिया जो कि बड़े अफसोस की बात है, तथा हमारे महापुरुषों का सम्मान न देना बड़े दुख की बात है। बैठक में महासंघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने शहीद वीर सपूत मनीराम अहिरवार जी का आंदोलन चलाने पर विशेष रूप से चर्चा की और सरकार से बात कर उनके जन्म स्थान पर विशाल स्मारक, भवन, मूर्ति लगाने की पहल करने का निर्णय लिया गया।





बैठक में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिले के पदाधिकारियों शामिल हुये। इस महा बैठक में भोपाल जिला अध्यक्ष श्री अमृतलाल जी एवं महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी श्री मुकेश चौधरी जी के भरसक मेहनत के प्रयास से बैठक सम्पन्न हुई, सतगुरु संत रविदास कल्याण फाऊंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर ने भी अपने विचार रखें और बैठक में बताया कि कांग्रेस के वचन में वीर सपूत मनीराम अहिरवार जी का विशाल स्मारक बनाने संबंध में घोषणा है। वह जब भी मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो अवश्य यह कार्य किया जायेगा। वही दूसरी और सामाजिक प्रतिनिधिमण्डल की बनी कमेटी ने कहा की अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के सन्दर्भ में हम सभी वर्तमान सरकार से भी शीघ्र मांग करने वाले है कि हमारे देश भक्त वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा प्रदान किया जाये।





# अवैध देहव्यापार के खिलाफ स्थानीय निवासियों ने सौंपा ज्ञापन

## ब्यूटी पार्लर और सौन्दर्य सामग्री विक्रय की आड़ में अवैध देहव्यापार

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

गाडरवारा-अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी गाडरवारा को निरंजन,पटैल वार्ड के स्थाई निवासियों ने ज्ञापन सौपा। जिसमे उल्लेख करते हुये बताया कि हम सभी अधोहस्ताक्षरकर्तागण निरंजनवार्ड व पटैलवार्ड गाडरवारा के स्थायी निवासी हैं।जहाँ हम सभी सपरिवार निवासरत हैं। हमारे वार्ड में पंडित आलोक दुबे( आलोक महाराज) के निजी मकान में विगत करीब 2वर्ष से अधिक समय से रूप निखार ब्यूटी पार्लर संचालित हो रहा है। जिसमें बाहर की करीब 4-5 लड़कियाँ बिना किसी मुसाफिरी दर्ज और सूचना के स्थाई रूप से रहती हैं। तथा उक्त जगह पर बिना दस्तावेजो के और निजी कार्य से अन्य लड़कियाँ बाहर से आती-जाती हैं। उक्त ब्यूटी पार्लर की आड़ में उक्त मकान में अव,ध रूप से देहव्यापार संचालित हो रहा है। जिसके कारण हमारे वार्ड में असामाजिक अराजक तत्वों का आवागमन बना रहता है जिससे आसपास निवास करने वालो और वार्डवासियों को काफी दिक्कत हो रही और वार्ड का धार्मिक परिवारिक माहौल खराब हो रहा है। छोटे बच्चों खासकर बहु बेटियों पर गलत असर पड़ रहा है। आसपास के निवासियों का व हमारे घरों के सदस्यों (महिलाओं व बच्चों) का उक्त मकान के सामने से नियमित आना-जाना होता हैं। और उक्त मकान के आस-पास अनैतिक नशेड़ियों और वासनायुक्त लोगों का जमावड़ा होने से बहिन बेटियों महिलाओं माताओ बहुओं व छात्र छात्राओं को मोहल्ले में बाहर निकलने में काफी परेशानी होती है। वार्ड का परिवेश वातावरण और सदभाव खराब हो रहा है। पंडित आलोक दुबे (आलोक महाराज)से तत्संबंध में मौखिक बात करने पर उनका कहना है कि मैंने मकान बेंच दिया है (जो संभवतः सत्य नहीं है) और न ही उन्होंने बिक्री के दस्तावेज दिखाये। पूर्व में भी तत्संबंध में कार्यवाही हो चुकी है परंतु अब पुनः पूर्वानुसार उक्त मकान में अवैध देह व्यापार चालू है। अतः प्रार्थना है कि उक्त स्थितियों को देखते हुए÷ हमारे वार्ड में चल रहे उक्त अनैतिक व गैर-कानूनी कार्य करने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए जांच कर उन्हें दंडित कराये जाने तथा उक्त अवैध कार्य को स्थाई रूप से बंद कराये जाने की महती कृपा करें। ज्ञापन आवेदन शिकायत उक्त अवसर पर पटैल वार्ड पार्षद चंचल कोरी,निरंजन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि.रामेश्वर धानक सहित वार्डवासी व महिलाओं की उपस्थिति रही।





# बंशीलाल अहिरवार बने अजाक्स के सर्वसम्मति से नरसिहपुर जिलाध्यक्ष

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

नरसिंहपुर - स्थानीय बरगी कॉलोनी स्थित अजाक्स जिला कार्यालय में म.प्र.अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला नरसिंहपुर की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें इंजी.एम.के अहिरवार संरक्षक अजाक्स,जे.एस.धुर्वे जिलाध्यक्ष,अध्यक्षता बिरजू जाटव ,रंजीत चौधरी संभागीय उपाध्यक्ष सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष जे.एस धुर्वे द्वारा संगठन के विगत वर्षों के आय - व्यय से संबंधित विवरण प्रस्तुत कर अपने कार्यकाल के दौरान किये गये कारात्मक अनुकरणीय कार्यों का उल्लेख करते हुए विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही उपस्थित सभी ब्लॉक,तह. अध्यक्षों ने भी अपने कार्यों का उल्लेख करते हुए विवरण प्रस्तुत किया किया। बैठक के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा जिला अध्यक्ष महोदय एवं सभी ब्लॉक तहसील अध्यक्षों के कार्यों की सराहना करते हुए कार्यकारिणी का समय पूर्ण पर नवीन कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया। सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी हेतु संरक्षक महो के प्रस्ताव व जिलाध्यक्ष महो के समर्थन में बंशीलाल अहिरवार तह.अध्यक्ष अजाक्स गाडरवारा को उनके संगठन के प्रति समर्पित भाव से किये गये श्रेष्ठ कार्यों से प्रभावित होकर नए जिला अध्यक्ष के रूप में स्वीकार करते हुए सर्वसम्मति के आधार पर म.प्र.अजाक्स जिला नरसिंहपुर का जिलाध्यक्ष घोषित कर मनोनीत किया गया जिसपर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से सहमती प्रदान की गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बंशीलाल अहिरवार ने संगठन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी को अपनी आगामी संगठनात्मक रूपरेखा से परिचित कराते हुए अपने आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों से अवगत कराकर संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान जिले के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों इंजीं.एल.के.डेहरिया, रोहित जाटव,बी.डी अहिरवार, डॉ. शोभाराम मेहरा,सतीश चौधरी,मलखान मेहरा,शील मेहरा,विनोद ठाकुर, मनीराम मेहरा,भोजराज चौधरी लालजी प्रसाद कपाड़िया, जगदीश किशनपुरी,मुकेश जाटव, राजकुमार ठाकुर, टीआर कोरी,मनीष कोरी, देवेन्द्र पगारे,पुष्पेंद्र अहिरवार, मानकलाल अहिरवार,आदि सहित मातृशक्ति के प्रतिनिधित्व के रुप में तरुणलता धुर्वे,प्रभा मरावी,रूक्मणी ठाकुर,ज्योति पगारे,पुष्पा कोरी,दशोदा अहिरवार, विनीता मेहरा लक्ष्मी चौधरी,सरोज उइके,सरोज इरपाचे, त्रिवेणी ठाकुर,किरण जगैत,लता ठाकुर,शंकर वाडिवा,रामू मरावी, गोधन काकोडिया, सहित राजू ठाकुर,राजेश चौधरी, रवि कुमार,विद्यासागर चौधरी, संतोष अहिरवार कैलाश,परसराम,हरीश, सतीश,हीरालाल,मुन्ना लाल,अतरसिंह,लालजी प्रसाद, राघवेन्द्र अहिरवार,सहित तमाम अजाक्स के सदस्य साथी मौजूद रहे।









# उप जिला निर्वाचन अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण 19 फरवरी से

- **भारत निर्वाचन आयोग से आए मास्टर ट्रेनर्स आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में देंगे प्रशिक्षण**

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के मद्देनजर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत प्रदेश के उपजिला निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह 19 फरवरी से शुरू होगा और 1 मार्च तक चलेगा। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश के 362 अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण देंगे। लोकसभा निर्वाचन के दौरान होने वाली गतिविधियों के बारे में विधिक जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण 2 चरणों में होगा और प्रत्येक चरण में 3-3 बैच होंगे। प्रशिक्षण सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा और शाम 6 बजे तक चलेगा।

# मण्डी व्यापारियों को 30 वर्ष तक की अवधि के लिये मिलेगा लायसेंस : कृषि मंत्री श्री कंषाना

## मण्डी व्यापारियों को मिली राहत, निर्देश हुए जारी

भोपाल। प्रदेश के मण्डी व्यापारियों को अब 30 वर्ष तक की अवधि के लिये लायसेंस मिलेगा। मण्डी व्यापारियों की फीस में भी कमी की गई है। इससे प्रदेश के मण्डी व्यापारी लाभान्वित होंगे। इस संबंध में मण्डी बोर्ड से जारी आदेश 24 फरवरी, 2024 से प्रभावी होगा। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री सह अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड श्री ऐदल सिंह कंषाना के निर्देश पर मण्डी व्यापारियों के लायसेंस की अवधि को बढ़ाने संबंधी निर्देश जारी कर दिये हैं। प्रदेश की 259 मण्डी समितियों द्वारा व्यापारियों को दी जाने वाली अनुज्ञप्ति लायसेंस की अवधि 5 वर्ष से बढ़ाकर 30 वर्ष कर दी गई है। सभी मण्डी समितियों को अधिनियम की धारा-81 के तहत मण्डियों में प्रवृत्त उप विधि में 23 फरवरी, 2024 तक आवश्यक संशोधन करने को कहा है। उन्होंने बताया है कि निर्धारित दिनांक तक संशोधन नहीं होने पर आदेश स्वतः 24 फरवरी से लागू हो जायेगा। मण्डी बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री श्रीमन शुक्ला ने बताया है कि नवीन जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश के 65 हजार से अधिक व्यापारियों को प्रत्येक 5 साल में लायसेंस नवीनीकरण कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया है कि लायसेंस फीस में भी बदलाव किये गये हैं। वाणिज्यिक (द्वितीयक) संव्यवहार के लिये व्यापारी लायसेंस फीस को 25 हजार से घटाकर 5 हजार रुपये किया गया है।

**एक लाख रुपये की प्रतिभूति राशि समाप्तः** प्रसंस्करणकर्ता विनिर्माता के लायसेंस पर लगने वाली एक लाख रुपये की प्रतिभूति राशि को भी समाप्त कर दिया गया है। शासन द्वारा लिये गये निर्णयों से मण्डी व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने मध्यप्रदेश महिला वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया



**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने गुरूवार को पर्यावास स्थित कार्यालय में मध्यप्रदेश महिला वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निगम के सदस्यों के साथ बैठक कर सभी से परिचय लिया। निगम द्वारा संचालित कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी ली। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि निगम महिलाओं के सशक्तिकरण एवं चहुँमुखी विकास के लिये भरसक प्रयास करेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश महिला वित्त एवं विकास निगम की स्थापना 1988 में राज्य शासन द्वारा महिलाओं के चहुँमुखी विकाड्डस के उद्देश्य को लेकर की गई। महिला के कल्याण के लिये निगम द्वारा योजनाओं का संचालन कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित की है। निगम को उत्तम कार्य के लिये यूएन अवार्ड, सीताराम राव लाइवलीहुड अवार्ड,स्कॉच अवार्ड जैसे अवार्डों से सम्मानित किया गया है। बैठक में निगम की प्रबंध संचालक श्रीमती निधि निवेदिता, निगम की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, महाप्रबंधक श्री अरविंद सिंह भाल एवं प्रबंधक श्रीमती टीना पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं.-एक क्षेत्र विश्वस्तरीय फेशिया के रूप में होगा विकसित

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-1 क्षेत्र को शहर के विश्वस्तरीय फेशिया के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने इसको लेकर नरेला विधानसभा अंतर्गत भोपाल स्टेशन क्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद भोपाल डीआरएम के साथ स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में विकास कार्य के प्लान की जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि रेलवे, लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम भोपाल क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर संयुक्त रूप से प्लान बनाये, जिससे उनमें एकरूपता रहे। मंत्री श्री सारंग ने आगामी समय में प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 के समक्ष सड़क का चौड़ीकरण कर 8 लेन के रुप में विकसित करने के प्लान पर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर भोपाल डीआरएम श्री देवाशीष त्रिपाठी, लोक निर्माण एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**पर्यटकों में स्टेशन के आसपास के विकास से बनती शहर की छविः** मंत्री श्री सारंग ने बताया कि भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-1 क्षेत्र को विश्व स्तरीय स्वरूप में डेवलप किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्टेशन का प्रांगण शहर का फेशिया होता है, स्टेशन प्रांगण के बाहर उपलब्ध सुविधाओं एवं विकास कार्यों से ही शहर में बाहर से आने वाले पर्यटकों के मन में शहर की छवि बनती है।

### पर्यटन को बढ़ावा देने बनाये मैप रूट

मंत्री श्री सारंग ने भोपाल के आसपास के क्षेत्रों में स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिये मैप रूट बनाने के भी निर्देश दिये। स्टेशन पर स्थित ऑटो स्टैंड पर मौजूद रिक्शा चालकों को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रदान करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इससे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की यात्रा और सुलभ होगी।

## प्रधानमंत्री जनमन में विशेष जनजाति क्षेत्रों में 194 नवीन आंगनवाडी केन्द्र खुलेंगे

# महिला बाल विकास मंत्री ने माना आभार : श्रीमती भूरिया

**भोपाल।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) कार्यक्रम के अंतर्गत ÷सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0÷ के अंतर्गत विशेष जनजाति क्षेत्र (पीवीजीटी) क्षेत्र में केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 194 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति दी है। महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि हम प्रदेश की महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश को आंगनवाड़ियों की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ियों का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा, ताकि बच्चों को इसका लाभ मिल सके। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया ने इसके लिये केन्द्र सरकार का आभार माना है। नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र खुलने से विशेष जनजाति क्षेत्रों के बच्चों को आंगनवाड़ी के माध्यम से उचित पालन-पोषण में सहायता मिलेगी।

**प्रदेश के 20 जिलों में खुलेंगे 194 आंगनवाड़ी केन्द्रः** प्रदेश के 20 जिलों में शिवपुरी में 34, श्योपुर में 33, शहडोल 23, उमरिया 23, गुना 14, डिंडोरी 12, अशोकनगर 10, अनूपपुर 7, मंडला 6, विदिशा 5, बालाघाट 5, ग्वालियर 5, दतिया 4, जबलपुर 3, सीधी 4, मुरैना 2 एवं कटनी, छिंदवाड़ा, भिंड और रायसेन में 1-1 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों को मिलाकर कुल 194 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र खुलेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी UAE पहुंचे, गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत

**मेहमाननवाजी**

- **राष्ट्रपति जायद अल नाहयान ने गले लगाया; 65 हजार भारतीयों को संबोधित करेंगे**

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी UAE पहुंच गए हैं। यहां उनका स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ। UAE के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मोदी को गले लगाया।

इसके बाद दोनों नेता द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसके अलावा वे 'अहलन मोदी' (हेलो मोदी) कार्यक्रम में UAE में रह रहे भारतीय समुदाय के करीब 65 हजार लोगों को संबोधित भी करेंगे। PM मोदी 14 फरवरी को राजधानी अबु धाबी में देश के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे एक दिन के दौरे पर कतर रवाना होंगे।

2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद ये PM मोदी का 7वां UAE दौरा है। वे PM के तौर पर पहली बार अगस्त 2015 में UAE गए थे।

उन्होंने 2018 और 2019 में भी UAE का दौरा किया था। 2019 में UAE सरकार ने मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जाएद' से नवाजा था। इसके बाद मोदी जून 2022 और जुलाई 2023 में दुबई गए थे। UAE में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं। यह देश की कुल जनसंख्या का 30% है और भारतीयों की तादाद यहां किसी भी दूसरे देश की तुलना में सबसे ज्यादा है। वहीं, रूस, सऊदी अरब और इराक के बाद UAE भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है।

गौरतलब है कि 24 दिसंबर, 1999 को पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी ISI की मदद से 5 आतंकी काठमांडू से दिल्ली जा रही इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट IC-814 को हाईजैक किया था। ये सभी आतंकवादी संगठन हरकत-उल-मुजाहिदीन के सदस्य थे। आतंकी प्लेन को अमृतसर से लाहौर और फिर UAE के एयरबेस होते हुए अफगानिस्तान के कंधार ले जाते हैं। इस विमान में 189 लोग सवार थे। आतंकियों की मांग थी कि भारत इन बंधकों के बदले 3 आतंकियों को रिहा कर दे। हालांकि, वे इस बात से अंजान थे कि भारत की नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (NSG) के कमांडोज उनका पीछा कर रहे थे। भारत के पूर्व रॉ चीफ AS दुलत ने अपनी किताब 'कश्मीर- द वाजपेयी ईयर्स' में इसकी जानकारी दी है। दुलत के मुताबिक, NSG कमांडोज एक स्पेशल फ्लाइट से हाईजैक हुए विमान का पीछा कर रहे थे। आतंकी भारतीय प्लेन को दुबई ले गए। वहां उतरने की इजाजत न मिलने पर वो UAE के अल-मिनहाद एयरबेस पर लैंड हुए। इस दौरान NSG कमांडोज ने UAE से एंटी-हाईजैक ऑपरेशन चलाने की इजाजत मांगी, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। दुलत ने अपनी किताब में लिखा है- भारत ने अमेरिका के जरिए भी UAE पर दबाव बनाने की कोशिश की थी, लेकिन उस मुश्किल घड़ी में किसी ने हमारा साथ नहीं दिया। UAE में खाना-पानी और विमान के लिए ईंधन मिलने के बाद आतंकी प्लेन को कंधार ले गए।



1999 की यह घटना उस वक्त के भारत-UAE के संबंधों के बारे में काफी कुछ बताती है। हालांकि, पिछले 24 सालों में दोनों देशों के रिश्तों में काफी बदलाव आया है। 2015 में PM मोदी पहली बार UAE की यात्रा पर गए थे। 34 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने खाड़ी देश का दौरा किया था। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते लगातार बेहतर हुए हैं।

UAE उन अरब देशों में से एक है जो पाकिस्तान के नजदीक है। उनकी दोस्ती का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को UAE ने भंडार बढ़ाने के लिए 1 अरब अमेरिकी डॉलर की मदद की थी। ये पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी UAE पाकिस्तान को कर्ज देकर मदद कर चुका है। हालांकि, पाकिस्तान से अच्छे संबंध होने के बावजूद UAE कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ कोई भी बयान देने से बचता है।

2019 में जब भारत ने कश्मीर को विशेषाधिकार देने वाले आर्टिकल 370 को खत्म किया तो UAE ने इसे भारत का आंतरिक मसला बताया था, जबकि पाकिस्तान भारत के इस एक्शन पर अरब देशों से कड़ी प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहा था।

पाकिस्तान का करीबी दोस्त होने के बावजूद UAE ने भारत की तरफ से हुई 2016 की उरी सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक को सपोर्ट किया था। वो लगातार आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का साथ देने की बात करता आया है।

सितंबर 2023 में UAE के उप-प्रधानमंत्री सैफ बिन जायद अल नाहयान G20 समिट में शामिल होने भारत आए थे। इस दौरान भारत, अमेरिका और कई खाड़ी देशों के बीच इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (IMEC) को लेकर समझौता हुआ था। UAE भी इसमें शामिल था। शिखर सम्मेलन के बाद UAE के उप-प्रधानमंत्री IMEC से जुड़ा एक मैप शेयर किया था। इस मैप में UAE ने PoK को भारत का हिस्सा दिखाया था।

जनवरी 2023 में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने के लिए UAE से मदद मांगी थी। अल-अरेबिया को दिए एक इंटरव्यू में शाहबाज ने कहा था- मैंने UAE के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल-नाहयान से भारत के साथ बातचीत शुरू करवाने की अपील की है। हमने वादा किया है कि हम भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं।

## संक्षिप्त

### टेक्सास के चर्च में अंधाधुंध गोलीबारी में पांच साल का बच्चा घायल, महिला हमलावर मारी गई

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** टेक्सास के ह्यूस्टन में रविवार को एक चर्च में गोलीबारी की गई। हालांकि, पुलिस ने गोलीबारी करने वाली महिला को मार गिराया।इस दौरान एक छोटे बच्चे समेत दो लोगों को गोली लगी है। शहर के पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने बताया कि पांच साल के एक बच्चे की हालत गंभीर है, जबकि कूल्हे में गोली लगने से घायल 57 वर्षीय एक व्यक्ति की हालत स्थिर है। वहीं, लेकवुड चर्च ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोपहर में बताया कि एक हमलावर द्वारा लगातार गोलियां चलाई जा रही थीं। सूचना पर पुलिस और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। फिनर ने बताया कि करीब 30 साल की महिला ने लंबा ट्रेंच कोट पहन रखा था, जिसके हाथ में राइफल और बैग थामा हुआ था। वह चर्च में घुसी और उसके साथ एक बच्चा भी था, जिसकी उम्र करीब पांच साल थी।उन्होंने बताया कि दोपहर एक बजकर 50 मिनट पर जब चर्च में गोलीबारी हुई तब वहां मौजूद दो अधिकारियों ने गोलियां चलाईं और महिला की मौत हो गई। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। अधिकारी ने कहा कि अगर कानून अधिकारी बच्चे को घायल करने के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं, तो हम उस महिला हमलावर पर बच्चे की जिंदगी खतरे में डालने का आरोप लगाएंगे।

### अमेरिका की नागरिकता पाने की रची साजिश

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भारतीय मूल के दो लोगों पर वीजा पाने के लिए धोखाधड़ी करने के मामले में मुकदमा चलेगा। गौरतलब है कि दोनों ने लूटपाट का नाटक करके ये वीजा पाने की कोशिश की। हालांकि जांच में दोनों पकड़े गए। आरोपियों की पहचान रामभाई पटेल (36 वर्षीय) और बलविंदर सिंह (39 वर्षीय) के रूप में हुई है। दोनों पर मैसाचुसेट्स के बोस्टन में ये धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। रामभाई पटेल को बीते साल दिसंबर में सिएटल से गिरफ्तार किया गया था। वहीं बलविंदर सिंह को क्वींस से दिसंबर में ही पकड़ा गया था। आरोप पत्र के अनुसार, मार्च 2023 में पटेल और उसके सहयोगी बलविंदर सिंह ने अमेरिका में नौ जनरल स्टोर, फास्ट फूड रेस्तरां और शराब की दुकानों पर लूटपाट का नाटक किया। दरअसल वे चाहते थे कि जिन जगहों पर लूटपाट हुई, उन स्टोर के क्लर्क ये दावा करें कि दोनों लूटपाट के पीड़ित है। दोनों ने ये साजिश इसलिए रची क्योंकि अमेरिका में एक यू-वीजा का प्रावधान है। इस वीजा के तहत उन लोगों को अमेरिका में चार साल तक या जरूरत पड़ने पर आगे और दिनों तक रुकने की इजाजत मिलती है, जो किसी हिंसक अपराध के पीड़ित होते हैं। दरअसल आपराधिक मामलों को सुलझाने में कानूनी एजेंसियों की मदद के लिए ये कानून लाया गया था, ताकि वे पीड़ितों से आराम से पूछताछ कर सकें। जांच में पता चला कि दोनों आरोपियों पटेल और सिंह ने लूटपाट के नाटक के लिए स्टोर के मालिकों और क्लर्कों को पैसे दिए थे। दोनों ने बाद में इन मामलों के आधार पर यू-वीजा के लिए आवेदन किया था। अगर दोनों दोषी पाए जाते हैं तो वीजा धोखाधड़ी के मामले में उन्हें पांच साल तक की जेल और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी हो सकता है।

### इस्राइलियों पर UK के नए प्रतिबंध

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन ने फलस्तीनी लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करने के आरोप में इस्राइल के निवासियों के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। ब्रिटेन के विदेश के सचिव ने कहा, चार चरमपंथी इस्राइली निवासियों पर नए प्रतिबंध लगाए जाएंगे। इन लोगों पर वेस्ट बैंक में फलस्तीनी समुदाय के लोगों के साथ आपत्तिजनक बर्ताव करने के आरोप हैं। इन्होंने कथित तौर पर मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है। विदेश सचिव के बयान के मुताबिक, पिछले साल वेस्ट बैंक में चरमपंथी लोगों की तरफ से हिंसा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वेस्ट बैंक में रहने वाले फलस्तीनी लोगों पर अपनी जमीन छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। उत्पीड़न, धमकी और हिंसा के आरोपी व्यक्तियों में से दो की पहचान मोशे शरवित और यिनोन लेवी के रूप में हुई है। खबरों के मुताबिक हाल के महीनों में फलस्तीनी समुदायों को विस्थापित करने के लिए इन्होंने शारीरिक रूप से आक्रामक बर्ताव किए। बंदूक की नोक पर परिवारों को धमकी दी और संपत्तियों को नष्ट कर दिया। इन घटनाओं का संज्ञान लेते हुए ब्रिटेन ने आरोपी इस्राइली लोगों पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। विदेश सचिव डेविड कैमरन ने आरोप लगाया कि आरोपी इस्राइल निवासी फलस्तीनियों को धमकी दे रहे हैं। किसी भी तरह की हिंसा 'अवैध' और 'अस्वीकार्य' है। मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाले इन लोगों पर कुछ सबसे गंभीर प्रतिबंध लगाए गए हैं। यहां क्या हो रहा है इसके बारे में तस्वीर स्पष्ट होनी चाहिए। फलस्तीनी लोगों को उस जमीन से जबरन हटाया जा रहा है, जो उनका अधिकार है। यह व्यवहार अवैध होने के साथ-साथ अस्वीकार्य भी है। उन्होंने कहा कि हिंसा पर नकेल कसने के लिए इस्राइल को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

### 'इस्राइल को F-35 के पुर्जों की सप्लाई बंद करें'

**एम्स्टर्डम, एजेंसी।** इस्राइल और गाजा के बीच चल रहे संघर्ष के मध्य एक डच अदालत ने नीदरलैंड सरकार को गाजा पट्टी पर बमबारी में इस्राइल द्वारा इस्तेमाल किए गए एफ-35 लड़ाकू जेट के पुर्जों की डिलीवरी रोकने का आदेश दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इस बात का स्पष्ट खतरा है कि नीदरलैंड जिन पुर्जों का निर्यात कर रहा है, उनका इस्तेमाल अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के गंभीर उल्लंघन में किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि ऐसी संभावना है कि इस्राइल गाजा पर हमलों में अपने एफ-35 का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे आम नागरिक हताहत हो रहे हैं। हालांकि, सोमवार के फैसले के जवाब में, डच सरकार ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी और तर्क देगी कि हथियार के पुर्जे इस्राइल की क्षेत्र में उदाहरण के तौर पर ईरान, यमन, सीरिया और लेबनान से खतरों से खुद को बचाने के लिए महत्वपूर्ण थे। रिपोर्ट के मुताबिक यह फैसला पिछले साल निचली अदालत के फैसले के खिलाफ एमनेस्टी इंटरनेशनल और ऑक्सफैम की अपील के बाद आया।

# 'इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोके अमेरिका', नाराज यूरोपीय संघ ने की मांग

वॉशिंगटन, एजेंसी

राफा शहर पर हमले के बाद इस्राइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इस्राइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इस्राइल को हथियारों की सप्लाई करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं। बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इस्राइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके।

ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की सप्लाई जारी रखना लॉजिकल नहीं है। बोरेल ने कहा कि 'कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है।' इस्राइल ने गाजा के राफा में हमले शुरू कर दिए हैं। गाजा पर हमले के बाद बड़ी संख्या में लोग राफा पहुंचकर वहां शरण लिए हुए थे। अब राफा में भी इस्राइल के हमले के बाद शरणार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बोरेल ने पूछा कि क्या अब इस्राइल के पीएम राफा को भी खाली कराएंगे? अब वे लोगों को कहां भेजेंगे? चांद पर?

इस दौरान संयुक्त राष्ट्र की UNRWA के प्रमुख फिलिप लाजारनी भी मौजूद थे।

# नीदरलैंड के पूर्व PM-पत्नी की इच्छा-मृत्यु

**प्रेम का इजहार**

- **हाथ में हाथ लेकर दम तोड़ा; वाइफ को आखिरी वक्त तक 'माय गर्ल' कहते रहे ड्राइस वेन एग्त**

द हेग, एजेंसी

नीदरलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री ड्राइस वेन एग्त और पत्नी यूजीन (दोनों की उम्र 93 साल) ने सोमवार को कानूनी तौर पर इच्छा मृत्यु (एक्टिव यूथेनेसिया) के जरिए प्राण त्यागे। दोनों लंबे वक्त से बीमार थे।

डॉक्टरों की मदद से दोनों ने अंतिम सांस ली और आखिरी वक्त तक ये एक दूसरे का हाथ थामे हमसफर ही बने रहे। नीदरलैंड की एक कानूनी अधिकार संस्था के मुताबिक- इन्हें बिल्कुल आसपास की कब्रों में दफना दिया गया। एग्त पत्नी यूजीन को बहुत चाहते थे। कुछ साल पहले यूजीन ने कहा था- वो आज भी मुझे माय गर्ल कहते हैं।

एग्त 1977 से 1982 के दौरान नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रहे। वो क्रिश्चियन डेमोक्रेट पार्टी के मेंबर थे। नीदरलैंड में साल 2000 में यूथेनेसिया को कानूनी तौर पर मान्यता मिली थी। इसके तहत वो व्यक्ति इच्छा मृत्यु मांग सकता है जो 'ऐसी बीमारी से पीड़ित हो, जो लाइलाइज हो या उसकी सेहत में सुधार की कोई गुंजाइश न बची हो'। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- 68 साल साथ रहने के बाद एग्त और यूजीन ने अपनी मौत का वक्त और दिन खुद तय किया। इस दौरान डॉक्टर्स का पैनल मौजूद रहा। एग्त को 2019 में ब्रेन हेमरेज हुआ था। उस दौरान वो एक सेमिनार में स्पीच दे रहे थे। कई बार वे पार्टी लाइन क्रॉस कर लेते थे। इसलिए विरोध भी होता था। यही वजह थी कि 2017 में उन्होंने पार्टी ही छोड़ दी। वो इजराइल के विरोधी और फिलिस्तीन के कट्टर समर्थक थे। इस कपल के तीन बच्चे हैं। नीदरलैंड में आमतौर पर इच्छा मृत्यु की मंजूरी मिलने के बाद डॉक्टर्स लास्ट टाइम प्रोसीजर संबधित व्यक्ति के घर पर ही करते हैं। इस दौरान पेशेंट को एक खास तरह का इंजेक्शन दिया जाता है और कुछ ही मिनिट में उसकी सांसें थम जाती हैं। खास बात यह है कि मौत के बाद भी इस मामले की जांच होती है। अगर डॉक्टर्स की जरा भी लापरवाही सामने आती है तो उन्हें 12 साल की कैद हो सकती है। 2022 के दौरान नीदरलैंड में कुल 8501 लोगों ने इस कानूनी तरीके से प्राण त्यागे थे।



'यरूशलम पोस्ट' की रिपोर्ट के मुताबिक- 2023 में नीदलैंड उस वक्त विवादों में आ गया था, जब यहां की सरकार ने उन बच्चों को भी यूथेनेसिया का हक दे दिया, जो लाइलाज बीमारी से पीड़ित हों और जिन्हें इलाज से आराम मिलने की कोई उम्मीद न हो। इस नियम में यह भी साफ था कि एक साल के दौरान सिर्फ 5 से 10 बच्चों को यह अधिकार मिल सकता है। इसी नियम में यह भी साफ था कि इच्छा मृत्यु का अधिकार सिर्फ 12 साल या इससे ज्यादा उम्र के बच्चों को ही मिलेगा। इसके लिए उनके पेरेंट्स की लिखित मंजूरी जरूरी होगी।

# 75 हजार करोड़ की ठगी का शिकार हुए अमेरिकी

- **फेडरल ट्रेड कमीशन-2023 की रिपोर्ट, सबसे ज्यादा निवेश में गंवाए 38 हजार करोड़ रुपए**

वाशिंगटन, एजेंसी



पिछले साल अमेरिकियों को धोखाधड़ी के चलते 75 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। यह एक नया रिकॉर्ड है। यह डेटा फेडरल ट्रेड कमीशन (FTC) की ऑफिशियल वेबसाइट की रिपोर्ट में सामने आया है, जो अमेरिका की एक स्वतंत्र सरकारी एजेंसी है।

सबसे ज्यादा धोखाधड़ी वाला मामला 'निवेश' से जुड़ा है, जिसमें लोगों ने 38,000 करोड़ रुपए गंवाए। दरअसल, डिजिटल टूल्स की वजह से अमेरिकियों को निशाना बनाना पहले से ज्यादा आसान हो गया है। बीते साल 'ऑनलाइन शॉपिंग' पर होने वाली ठगी पैसे गंवाने की दूसरी सबसे बड़ी वजह थी। इसके बाद पुरस्कार, लॉटरी व्यापार और नौकरी के अवसरों के नाम पर ठगी के मामले थे। अन्य मामले क्रिप्टोकरेंसी के लेनदेन से जुड़े हुए थे।

2023 में अमेरिका में 'निवेश' के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इसमें लोगों को 38 हजार करोड़ रुपए गंवाने पड़े हैं। हालांकि, सबसे आम धोखाधड़ी की रिपोर्ट में जालसाजी के मामले रहे। इससे शिकार हुए लोगों को लगभग 32 हजार करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा। इन मामलों में, ठग सरकारी अधिकारियों या व्यावसायिक प्रतिनिधियों के रूप में पेश आते थे और लोगों को धोखा देते थे।ठगों ने पहली बार सबसे ज्यादा 'ईमेल' का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बनाया। इसके बाद 'फोन कॉल', 'टेक्स्ट संदेशों' व 'सोशल मीडिया' के जरिए ठगी की। धोखाधड़ी के मामले 2022 और 2023 में 2.6 करोड़ थे। साल 2022 में अमेरिकियों को 69 हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। ये आंकड़ा 2023 में बढ़कर 83 हजार करोड़ हो गया। इसमें 14% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा अमेरिका में प्रति व्यक्ति औसतन नुकसान भी बढ़ गया है। 2019 में ये आंकड़ा 2.45 लाख था, जबकि 2023 में औसतन एक अमेरिकी को 5.7 लाख का नुकसान हुआ।

# PTI समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों की याचिकाएं अदालत से खारिज

## PML-N नेताओं की जीत को दी गई थी चुनौती

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की एक अदालत ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों की तीस से ज्यादा याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज सहित पीएमएल-एन के शीर्ष नेताओं की जीत को चुनौती दी गई थी। पीटीआई पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है। जो भ्रष्टाचार के मामले में इन दिनों रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। लाहौर उच्च न्यायालय ने इन याचिकाओं को खारिज किया है। अदालत ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवारों से कहा कि आम चुनाव में हुई कथित धांधली की अपनी शिकायतों के समाधान के लिए चुनाव आयोग (ईसीपी) में जाएं। पीटीआई की यास्मीन राशिद ने नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ा था। उन्होंने लाहौर की एनए-130 सीट पर जीत का दावा किया है। उन्होंने प्रतिवादियों (पीएमएल-एन के उम्मीदवार) की जीत को 'शर्मनाक' करार दिया और आरोप लगाया कि निर्वाचन अधिकारियों ने परिणामों को एकत्र किया और फॉर्म-47 (परिणाम पत्र) तैयार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ताकत का गलत इस्तेमाल किया गया।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अली बकर नजफी ने याचिकाओं पर सुनवाई की। उन्होंने कहा, सर्वोच्च न्यायालय ने एक अन्य मामले में साफतौर पर फैसला दिया है कि उच्च न्यायालय के 'असाधारण अधिकार क्षेत्र' को उच्च न्यायालय के 'सामान्य अधिकार क्षेत्र' में नहीं बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि तथ्यो के ऐसे विवादित सवाल होंगे, जिन्हें हल नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, अगर कोई सामान्य समाधान उपलब्ध नहीं है तो संवैधानिक अधिकार क्षेतर का असाधार उपाय लागू किया जा सकता है। अदालत ने याचिकाओं को खारिज किया और याचिकाकर्ताओं को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए चुनाव आयोग जाने का निर्देश दिया।

पीटीआई के वरिष्ठ वकील सरदार लतीफ खोसा ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने नेशनल असेंबली में 170 सीटें जीती हैं। उन्होंने चुनाव में धांधली के आरोप लगाए। खोसा ने कहा कि ऐतिहासिक धांधली के जरिए पीटीआई को नेशनल असेंबली की करीब अस्सी सीटों से वंचित कर दिया गया, ताकि पार्टी को इस्लामाबाद में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने से रोका जा सके।

**कारीगरी** | मंदिर के सामने वाले हिस्से पर बलुआ पत्थर की पृष्ठभूमि पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है....

# अबु धाबी के हिंदू मंदिर के लिए भारत से गई सौगातें

**योगदान**

- **यूएई के पहले हिंदू मंदिर के लिए भारत से गंगा और यमुना का पवित्र जल, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर और लकड़ी के फर्नीचर का उपयोग किया गया**

अबु धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी 14 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबु धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इस मंदिर के निर्माण के लिए भारत के कई क्षेत्रों से योगदान दिया गया है। यूएई के पहले हिंदू मंदिर के लिए भारत से गंगा और यमुना का पवित्र जल, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर और लकड़ी के फर्नीचर का उपयोग किया गया है।

मंदिर के दोनों किनारों पर गंगा और यमुना के पवित्र जल का छिड़काव किया जाएगा। भारत से एक बड़े कंटेनर में इस पवित्र जल को लाया गया है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार, मंदिर के किनारे पर एक घाट बनाया गया है, जहां गंगा का पानी बहेगा। मंदिर के प्रमुख वॉलंटियर विशाल पटेल ने कहा, 'इसे वाराणसी के घाट जैसा बनाने का विचार था, जहां पर्यटक बैठकर ध्यान कर सकते हैं। जब पर्यटक इसके अंदर जाएंगे, तो उन्हें पानी की दो धाराएं दिखेंगी। ये धाराएं भारत की गंगा और यमुना को प्रदर्शित करेंगी।'



इस मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा किया गया है। यह मंदिर कुल 27 एकड़ में जमीन पर बना है। मंदिर के सामने वाले हिस्से पर बलुआ पत्थर की पृष्ठभूमि पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है। इसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से बड़े पैमाने पर गुलाबी बलुआ पत्थर को अबु धाबी में भेजा गया था। करीब 700 कंटेनरों में दो लाख क्यूबिक फीट का पवित्र पत्थर अबु धाबी लाया गया। मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि पत्थरों को जिस लकड़ी के ट्रंक में लाया गया था, उसका इस्तेमाल मंदिर के लिए फर्नीचर बनाने के लिए किया जाएगा।

मंदिर का निर्माण 2019 में शुरू हुआ था और मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दी थी। पीएम मोदी आज यूएई के लिए रवाना हो चुके हैं। 2015 से यह पीएम मोदी का यूएई का सातवां दौरा है और पिछले आठ महीनों में यह उनका तीसरा दौरा है। मंदिर के उद्घाटन से एक दिन पहले अबु धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से भी मुलाकात करेंगे।

# वैलेंटाइन के लिए चाहिए परफेक्ट जाह्नवी जैसा लुक?





14 फरवरी को पूरी दुनिया में वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। यह दिन प्रेमियों को समर्पित है। ऐसे में इस दिन को ख़ास बनाए के लिए कपल्स अपना जी जाना लगा देते हैं। अगर आप भी 14 फरवरी के दिन सबसे खूबसूरत और दिलकश लगना चाहती हैं तो जाह्नवी कपूर के इन हॉटिस्ट इंस्टाग्राम लुक्स को आज़माएं।

14 फरवरी को पूरी दुनिया में वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। यह दिन प्रेमियों को समर्पित है। ऐसे में इस दिन को ख़ास बनाए के लिए कपल्स अपना जी जाना लगा देते हैं। खासकर लड़कियां इस दिन को लेकर बेहद उत्साहित रहती हैं। अगर आप भी 14 फरवरी के दिन सबसे खूबसूरत और दिलकश लगना चाहती हैं तो जाह्नवी कपूर के इन हॉटिस्ट इंस्टाग्राम लुक्स को आज़माएं। ये लुक्स इतने खूबसूरत हैं कि अगर आपने इन्हें आज़माया तो आपके पार्टनर की नज़र आप पर से बिलकुल भी नहीं हटेगी।

इस मैरून गाउन में जाह्नवी कपूर बला की खूबसूरत लग रही हैं। हाल ही एम् जाह्नवी कपूर ने ये फोटो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। आप भी जाह्नवी की तरह ये लुक ट्राई कर सकती हैं। जाह्नवी ने अपने बालों को वेवी कर्ल किया है और मेकअप को मिनिमल रखते हुए उन्होंने ब्लश का इस्तेमाल ज़्यादा किया है और फेक फ्रेकल्स लगाया है।

इस लेदर ड्रेस में जाह्नवी की खूबसूरती देखते ही बन रही है। आप अगर लेदर ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो ये लुक आपके लिए परफेक्ट है। चूंकि ये लेदर ड्रेस है तो जाह्नवी से इस लुक के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। उन्होंने अपने बालों को वेट रखा है और स्मोकी आई मेकअप किया है जो उनके लुक को और भी बोल्ड बना रहा है।

अगर आप रेड ड्रेस नहीं पहनना चाहती तो आप ब्लैक कलर के साथ जा सकती हैं। इस काले रंग की साड़ी में जाह्नवी किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। वेवी हेयर, स्मोकी आई मेकअप और न्यूड लिपस्टिक शेड्स के साथ अपना लुक कंप्लीट करें।

अगर आप चाहे तो अपना लूक जाह्नवी कपूर की तरह गर्ल नेक्स्ट डोर वाला रख सकती हैं। इस फ्लोरल ड्रेस में जाह्नवी कपूर बेहद दिलकश लग रही हैं।

जाह्नवी कपूर की तरह इस टोमैटो रेड कलर के स्लिट ड्रेस में आप कहर ढा सकती हैं।

जाह्नवी कपूर इस मरून कलर के गाउन में एक असली दिवा लग रही हैं! उनक बोल्ड लिपस्टिक इस लुक एक सबसे आकर्षक केंद्र है। आप भी उनका ये लुक आज़मा सकती हैं।

# कई परेशानियां दूर करती है मुलेठी की चाय

लिकोरिस-टी यानी मुलेठी चाय आपको कई तरह से फायदा पहुंचा सकती है। मुलेठी एक तरह की जड़ी बूटी होती है, जो कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसका इस्तेमाल सर्दियों में खुद को गर्म रखने के लिए किया जाता है।

इसका उपयोग आयुर्वेद चिकित्सा में बहुत सारी औषधियों को बनाने में भी होता है। वैसे तो मुलेठी के अनेकों फायदे हैं लेकिन इसकी गर्म तसीर की वजह से ये सबके स्वास्थ्य के लिए से फायदेमंद नहीं होती है।

सर्दियों में इसका उपयोग चाय या काढ़ा बनाने में होता है। इसके अलावा इसके मीठे स्वाद की वजह से मुलेठी का बहुत सारी डिशेज जिसमें गुड़ हो इस्तेमाल किया जाता है।

इसके साथ ही बहुत सारी कैंडीज भी बनाई जाती हैं। देखा जाए तो मुलेठी के बहुत सारे आश्चर्यजनक फायदे हैं जिनकी गिनती करना मुश्किल है।




तो आइए जानते हैं मुलेठी के ऐसे ही कुछ फायदों के बारे में

**तनाव कम करता है**

मानसिक स्वास्थ्य को तंदुरुस्त रखने में भी मुलेठी बहुत ही फायदेमंद होती है। इसलिए इसका सेवन समय-समय पर हमेशा करना चाहिए।

**सर्दी, जुकाम, खांसी में आराम मिलता है**

यह एक नेचुरल ब्रोंकोडायलेटर है। सर्दियों मे हम सभी सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं से अक्सर घिर ही जाते हैं ऐसे में मुलेठी की चाय या काढ़े से हमें बहुत आराम मिल सकता है। यह खासकर सूखी खांसी में बहुत ही फायदेमंद हो सकती है।

**PCOD या PCOS के लक्षणों को कम करता है**

मुलेठी से महिलाओं में होने वाला PCOD (पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज) और PCOS (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) के लक्षणों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मुलेठी ऐसी स्थिति में महिलाओं में अनियमित पीरियड्स और उसकी वजह से बढ़ने वाले मोटापे को भी कम करने में मदद करती है।

**पीरियड्स में ऐंठन और दर्द को कम करती है**

मासिक धर्म में पेट के दर्द और ऐंठन में मुलेठी बहुत आराम दिलाती है। ऐसे समय में इसका सेवन बहुत ही आसरदार होता है।

**हाइपरपिग्मेंटेशन को कम करती है**

मुलेठी का डेली सेवन हाइपरपिग्मेंटेशन को भी कम कर सकता है। हाइपरपिग्मेंटेशन की वजह से चेहरे पर दाग धब्बे पड़ जाते हैं, जिन्हें मुलेठी जड़ से खत्म करने में मदद करती है और साथ ही चेहरे को नेचुरल तरीके से ग्लोइंग बनाए रखने का भी काम करती है।

अल्सर को ठीक करने वाली चीजों में से एक है मुलेठी। इससे गैस्ट्रिक अल्सर और पेप्टिक अल्सर दोनों में ही बहुत आराम मिलता है।

# महंगी ज्वैलरी को काला पड़ने से बचाना है

आजकल लोग आर्टिफिशियल ज्वैलरी का इस्तेमाल काफी ज्यादा करने लगे हैं। एक से एक बेहतरीन डिजाइन में आपको आर्टिफिशियल ज्वैलरी मिल जाएंगी। इनकी कीमत भी हजारों में होती है। हालांकि ये ज्वैलरी दिखने में जितनी खूबसूरत लगती है इसे स्टोर करने उतना ही मुश्किल हो जाता है। आर्टिफिशियल ज्वैलरी को

ठीक तरह से न रखने पर इसका रंग काला पड़ने लग जाता है और आपकी कीमती ज्वैलरी जरा सी लापरवाही से खराब होने लगती है। आज हम आपको ज्लैवरी को स्टोर करने का आसान तरीका बता रहे हैं। जिससे आपकी आर्टिफिशियल ज्वैलरी की शाइन सालों साल बरकरार रहेगी।



ज्वैलरी को अलग-अलग रखें- ज्वैलरी कई तरह की होती हैं जैसे चांदी की ज्वैलरी, पर्ल ज्वैलरी और स्टोन ज्वैलरी। ऐसे में आपको अलग-अलग ज्वैलरी को अलग तरीकों से स्टोर करना चाहिए। आप सारी चांदी की ज्वैलरी को एक जगह रख सकते हैं। नाजुक ज्वैलरी को अलग-अलग स्टोर करना चाहिए। सभी ज्वैलरी का मटेरियल अलग होता है और इन्हें अलग अलग ही स्टोर करना चाहिए।

ज्वैलरी को अच्छी तरह क्लीन करके रखें- ज्वैलरी को जब भी इस्तेमाल करके स्टोर करें तो उसे पहले साफ कर लें। कई बार ज्वैलरी पर पानी या खाने-पीने की कुछ चीजें गिर जाती हैं। ऐसे में गंदगी ज्वैलरी पर चिपक जाती है और फिर काली पड़ जाती है। ऐसे में ज्वैलरी क्लीन करके अच्छी तरह से स्टोर करनी चाहिए।

नाजुक ज्वैलरी को संभाल कर रखें- एकदम नाजुक और पतली ज्वैलरी को ऐसी जगह स्टोर करें जहां सीधे धूप न पड़े। धूप की किरणें सीधे ज्वैलरी पर पड़ती हैं तो ज्वैलरी खराब होने जाती है। जो ज्वैलरी थोड़ी मोटी होती है उसे थैली में अच्छी तरह से बांधकर रख लें। हवा लगने से भी ज्वैलरी खराब हो जाती है।

मोती की ज्वैलरी को कैसे रखें- अगर आपके पास मोतियों की ज्वैलरी है तो इसे हमेशा लकड़ी के डिब्बे में स्टोर करके रखें। मोतियों को थैली या प्लास्टिक के बैग में रखने से ये खराब हो जाते हैं। इसलिए मोतियों को हमेशा लकड़ी के डिब्बे में ही रखें।

# गो फर्स्ट को 60-दिन में ढूंढना होगा खरीदार

**थोड़ी राहत**

- **एविएशन कंपनी की इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोसेस के लिए NCLT ने डेडलाइन बढ़ाई**

नई दिल्ली, एजेंसी

बंद हो चुकी एविएशन कंपनी गो फर्स्ट की कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोसेस (CIRP) को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने 60 दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया है। NCLT ने इसकी डेट आगे तब बढ़ाई है, जब इसे बताया गया कि तीन पार्टियों ने गो फर्स्ट को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। NCLT को यह बात गो फर्स्ट के रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (RP) ने बताई है।

रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल की तरफ से पेश दिवाकर माहेश्वरी ने अपना एक्सप्रेशन ऑफ इंटेरेस्ट (EoI) दाखिल करते हुए बयाना राशि जमा कर दी है। इसके चलते गो फर्स्ट के लेंडर्स ने बहुमत से CIRP को आगे बढ़ाने के पक्ष में अपना मत दिया है।

रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के मुताबिक, गो फर्स्ट को खरीदने में दिलचस्पी रखने वाली तीनों पार्टियां अपना रिजॉल्यूशन प्लान 15 फरवरी तक सबमिट कर सकती हैं। पिछले साल दिसंबर 2023 में यह खुलासा हुआ था कि गो फर्स्ट को खरीदने की होड़ में स्पाइसजेट, शारजाह की स्काई वन कंपनी और अफ्रीका की सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स शामिल हैं।NCLT ने गो फर्स्ट के इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोसेस को 60 दिनों के लिए आगे बढ़ाया है और यह विस्तार दूसरी बार मिला है। इससे पहले 23 नवंबर 2023 को NCLT ने 90 दिनों के लिए इसकी डेट बढ़ाई थी, जो 4 फरवरी को पूरी हो गई थी। अब 60 दिनों की जो डेडलाइन बढ़ी है, उसकी गिनती 4 फरवरी से होगी। NCLT की ओर से यह विस्तार आखिरी बार है, क्योंकि CIRP को 330 दिनों के भीतर पूरा हो जाना है। अगर एविएशन कंपनी 330 दिनों के भीतर कोई खरीदार नहीं तलाश पाती है, तो लिक्विडेट हो सकती है। नकदी संकट से जूझ रही एयरलाइन गो फर्स्ट पिछले साल 2 मई 2023 को सेक्शन 10 के तहत कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोसेस के लिए NCLT के पास पहुंची थी। 10 मई 2023 को NCLT ने गो फर्स्ट की याचिका स्वीकार कर ली और कंपनी से जुड़े मामलों के लिए एक रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल बनाया।

हालांकि, गो फर्स्ट को विमान लीज पर देने वालों ने NCLT के आदेश के खिलाफ नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLAT) में याचिका दायर कर दी थी। उनका कहना था कि उनकी संपत्तियों को उनसे लिया जाना गलत है, क्योंकि मोरेटोरियम से पहले ही लीज खत्म हो चुकी थी।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने विमानन पट्टों (एविएशन लीजेज) को मोरेटोरियम से छूट देने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके साथ ही बेंच में बदलाव के कारण मामला टल गया था। हालांकि, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक हलफनामा दायर कर स्पष्ट किया था कि इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 के तहत विमानन पट्टों को स्थगन से छूट देने वाले नोटिफिकेशन पेंडिंग मामलों पर भी लागू होनी चाहिए।

गो फर्स्ट पर अपने लेंडर्स का 6,521 करोड़ रुपए बकाया है। एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च ने 19 जनवरी की रिपोर्ट में कहा था कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का सबसे ज्यादा 1,987 करोड़ रुपए का एक्सपोजर था, इसके बाद बैंक ऑफ बड़ौदा का 1,430 करोड़ रुपए, डॉयचे बैंक का 1,320 करोड़ रुपए और IDBI बैंक का 58 करोड़ रुपए बकाया था।

# टाटा ने नेक्सन EV के दाम 1.20 लाख घटाए

- **टियागो EV भी 70,000 सस्ती, बैटरी की कीमतों में गिरावट का फायदा ग्राहकों से मिलेगा**

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा मोटर्स ने अपनी दो इलेक्ट्रिक कारों के दाम घटा दिए हैं। नेक्सॉन EV के प्राइस को 1.20 लाख रुपए घटाया है, तो वहीं टियागो EV के दामों में 70,000 रुपए की कटौती की गई है। बैटरी की कीमतों में आई गिरावट का फायदा ग्राहकों को देने के लिए दाम कम किए गए हैं।

Nexon.EV की कीमत अब 14.49 लाख रुपए से शुरू होगी, और लॉन्ग रेंज की Nexon.ev 16.99 लाख रुपए में मिलेगी। वहीं टियागो का बेस मॉडल 7.99 लाख रुपए में आएगा। हालांकि, कंपनी ने हाल ही में लॉन्च हुई पंच.EV की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड 70% से अधिक हिस्सेदारी के साथ इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में मार्केट लीडर है। कंपनी ने 2023 में कुल 69,153 यूनिट EV बेचीं। टाटा मोटर्स इस साल कर्व, हैरियर EV, सिएरा और अल्ट्रोज EV लॉन्च करेगी।

TPEM के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा: 'बैटरी कॉस्ट ईवी की ओवरऑल कॉस्ट का एक बड़ा हिस्सा है। हाल के दिनों में बैटरी सेल की कीमतों में नरमी आई है और आने वाले दिनों में इसमें और कमी आ सकती है। ऐसे में हमने इसका फायदा ग्राहकों को देने का विकल्प चुना है। नेक्सन और टियागो अब ग्राहकों के लिए और ज्यादा अट्रैक्टिव बन गई है।'

# रिलायंस का मार्केट कैप 20 लाख करोड़ रुपए के पार

- **यह मुकाम हासिल करने वाली देश की पहली कंपनी, शेयर ऑल टाइम हाई पर पहुंचा**

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्री का मार्केट कैप 20 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया है। ये मुकाम हासिल करने वाली ये भारत की पहली कंपनी है। आज कंपनी के शेयर ने 2,958 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया जिस कारण कंपनी का मार्केट कैप बढ़ा है। पिछले दो हफ्तों में RIL की मार्केट वैल्यू 1 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। 29 जनवरी को कंपनी का मार्केट कैप 19 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े पर पहुंचा था। इससे पहले कंपनी ने सितंबर 2021 में 15 लाख करोड़ का लेवल पार किया था। 2019 में मार्केट कैप 10 लाख करोड़ के पार निकला था। मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्री देश की सबसे बड़ी कंपनी है। मुंबई बेस्ड रिलायंस ग्रुप, ऑयल से लेकर टेलिकॉम और रिटेल सेक्टर में काम करता है। वहीं इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) का नंबर आता है। TCS का मार्केट कैप 15.07 लाख करोड़ है। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर आदमी हैं। उनकी टोटल नेटवर्थ 9.38 लाख करोड़ रुपए है। वहीं अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी 6.64 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

# बाजार में 2 PSU शेयरों का रहा जलवा, निवेशकों को हुआ बंपर मुनाफा

**बढ़त ही बढ़त**

- **पिछले तीन महीनों में LIC का मार्केट प्राइस 69 फीसदी बढ़ गया है, जबकि S&P BSE सेंसेक्स में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई**

मुंबई, एजेंसी



शेयर बाजार में पिछले सप्ताह दो PSU शेयरों भारतीय जीवन बीमा कॉर्पोरेशन और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का जलवा रहा। मार्केट कैपिटल के लिहाज से सेंसेक्स की टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों से 4 कंपनियों के MCap में सामूहिक रुप से 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। इनमें सबसे अधिक लाभ दो PSU कंपनियों LIC और SBI को हुआ। इससे इन कंपनियों के निवेशकों को बंपर मुनाफा हुआ है।

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी LIC का मार्केट कैप पिछले सप्ताह 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,637.38 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान LIC के शेयरों में धुआंधार तेजी देखी गई। LIC का शेयर सोमवार (5 फरवरी) को इंट्रा-डे ट्रेड में 9 फीसदी की तेजी के साथ पहली बार 1,000 के लेवल को पार कर गया।

पिछले सप्ताह में SBI का MCap 65,908.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गया। बाजार हैसियत के लिहाज से LIC देश की नंबर वन PSU कंपनी है। इसने 5 फरवरी को SBI को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया था। पिछले तीन महीनों में LIC का मार्केट प्राइस 69 फीसदी बढ़ गया है, जबकि S&P BSE सेंसेक्स में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

LIC ने गुरुवार यानी 8 फरवरी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (Q3FY24) के अपने नतीजों का ऐलान किया। 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में सरकारी बीमा कंपनी का नेट प्रॉफिट 49 फीसदी बढ़कर 9,444 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का नेट प्रॉफिट एक साल पहले की समान अवधि में यह 6,334 करोड़ रुपये रहा था।

LIC की कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 2,12,447 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 1,96,891 करोड़ रुपये रही थी। जबकि इसके विपरीत SBI का नेट प्रॉफिट Q3FY24 में 35 प्रतिशत गिरकर 9,164 करोड़ रुपये रह गया है। वहीं, बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट 14,205 करोड़ रुपये रहा था।हालांकि बैंक की कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी।

**आंकड़े** | **फरवरी में स्मॉल-कैप शेयरों में मिड-कैप और लार्ज-कैप शेयरों की तुलना में ज्यादा गिरावट आई है...**

# स्मॉल-कैप शेयरों में गिरावट जारी रहने की संभावना

- **निवेशकों को सतर्क रहना होगा: एनालिस्ट**

मुंबई, एजेंसी

फरवरी में स्मॉल-कैप शेयरों पर मिड-कैप और लार्ज-कैप शेयरों की तुलना में ज्यादा मार पड़ी है। निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स में 3.2% की गिरावट आई है, जबकि निफ्टी मिडकैप 100 में 1.8% की गिरावट आई है और निफ्टी 50 इंडेक्स में केवल 0.5% की गिरावट आई है।

तकनीकी रूप से, इंडेक्स अपने 20-दिवसीय मूविंग औसत 14,800 से नीचे गिर गया है और अब 50-दिवसीय मूविंग औसत 14,278 पर टेस्टिंग कर रहा है। यह पहले नवंबर 2023 में 50-दिवसीय मूविंग औसत से नीचे गिर गया था लेकिन उबरने में कामयाब रहा।

जनवरी 2024 में, निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स अपने 20-दिवसीय मूविंग एवरेज से नीचे गिर गया, लेकिन फिर लगभग 9% बढ़ गया। विश्लेषकों का मानना है कि लघु से मध्यम अवधि में स्मॉल-कैप शेयरों में मौजूदा गिरावट जारी रहने की संभावना है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इनमें से कई शेयरों में हाल के महीनों में महत्वपूर्ण तेजी देखी गई है। हालांकि, विश्लेषक समग्र गिरावट के ट्रेंड के बीच कभी-कभी शॉर्ट टर्म पलटाव की संभावना को भी स्वीकार करते हैं।



वर्ष 2023 में, निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स 48.1% बढ़ गया, जिसने निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स जो 43.7% बढ़ा, और निफ्टी 50 इंडेक्स जिसमें 20% की वृद्धि देखी गई, से बेहतर प्रदर्शन किया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के वी के विजयकुमार का कहना है कि व्यापक बाजारों में कुछ शेयरों में तेजी आई क्योंकि कई लोग कंपनियों के बुनियादी तथ्यों के बारे में सोचे बिना, त्वरित लाभ के लिए उन्हें खरीद रहे थे।। अब इन शेयरों में करेक्शन का दौर चल रहा है।

विजयकुमार का अनुमान है कि यह ट्रेंड जारी रहेगा क्योंकि कई शेयरों की कीमत बहुत अधिक है। डीमैट खातों में बढ़ोतरी और नए निवेशकों द्वारा हालिया ट्रेंडों के आधार पर मिड और स्मॉल-कैप स्टॉक खरीदने से बाजार में काफी उछाल आया है। उनका मानना है कि इन शेयरों में सुधार जरूरी है और इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तरह उचित मूल्य वाले शेयरों को खरीदने का मौका मिलेगा।

अभी के लिए, निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स अभी भी 12,066 के स्तर पर अपने 200-दिवसीय मूविंग औसत से ऊपर है। यह औसत लॉन्गटर्म ट्रेंड दिखाता है। इस स्तर से ऊपर के स्टॉक और सूचकांक को मजबूत माना जाता है और उनके ऊपर जाने की संभावना होती है, जबकि इसके नीचे के शेयरों को कमजोर माना जाता है और उनके मूल्य में गिरावट की उम्मीद होती है।

वर्तमान में, निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स के 250 शेयरों में से 193 अपने 200-दिवसीय मूविंग औसत से ऊपर कारोबार कर रहे हैं, जबकि 56 इसके नीचे कारोबार कर रहे हैं।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के अजीत मिश्रा सलाह देते हैं कि भले ही स्मॉलकैप इंडेक्स ठीक होने की कोशिश कर सकता है, लेकिन अगर व्यापारियों को कीमतें बढ़ती दिखें तो उन्हें अपने स्टॉक बेचने पर विचार करना चाहिए।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के अजीत मिश्रा का कहना है कि हालांकि पहले भी इसी तरह की गिरावट आई है, लेकिन इंडेक्स में वापसी हुई है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी है कि इंडेक्स वर्तमान में अत्यधिक खरीददारी वाले क्षेत्र में है, जो उच्च स्तर पर संभावित बिक्री दबाव का संकेत देता है। मिश्रा इंडेक्स में किसी भी रिकवरी का उपयोग करके स्थिति को कम करने की सलाह देते हैं जब तक कि यह लगातार 16,200 के स्तर से ऊपर कारोबार न करे। उनका मानना है कि यह अभी भी एक ऐसा बाजार है जहां कीमतें बढ़ने पर बेचना बुद्धिमानी है।

इक्विनॉमिक्स रिसर्च के शोध प्रमुख जी चोकालिंगम का भी मानना है कि छोटे और मिडकैप सेगमेंट का मूल्यांकन अधिक है और मौजूदा स्तरों से इसमें बड़ी गिरावट की जरूरत है। चोकालिंगम का सुझाव है कि हाई वैल्यूएशन और संभावित नकदी की कमी के कारण छोटे और मिडकैप सेगमेंट को शॉर्ट टर्म में बढ़ते जोखिम का सामना करना पड़ता है। एक सामान्य निवेश रणनीति के रूप में, वह नकद और स्वर्ण ईटीएफ में से प्रत्येक को 5% से 10% और लार्ज-कैप शेयरों को 50% आवंटित करने की सलाह देते हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)